शिक्षा- सुरक्षा, स्वास्थ्य व खेल गतिविधियों पर बनी कार्ययोजना

सिवनी नवभारत। जिले के अशासकीय शैक्षणिक संगठन की महत्वपूर्ण बैठक डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय, बारापत्थर में आयोजित हुई। अध्यक्ष डॉ. के.के. चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष आर.के. रघुवंशी, सचिव ए.के. तिवारी एवं कोषाध्यक्ष गजेश ठाकरे की उपस्थिति में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए डी.पी. चतुर्वेदी रोल मॉडल स्कूल में नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा बाहर के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव मजबूत करने के लिए फाउंडेशन क्लास की अनिवार्यता पर भी जोर दिया गया।

बच्चों की सुरक्षा के लिए आगामी वर्ष विशेष ऐप विकसित करने तथा इस सत्र में संबद्ध स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की जानकारी दी गई। दिसंबर माह में शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों के लिए खेल महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें क्रिकेट, शतरंज, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं मैराथन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर भी मिलेगा।

बैठक में टी.एस. राहंगडाले, खुमेंद्र पटले, फिरदौस मोहम्मद खान, कमलेश ठाकुर, गणपत बारमैया, नरेंद्र दुबे, नरेंद्र अग्रवाल, डॉ. ओम तिवारी, दिनेश अग्रवाल, मनीष पांडे एवं राजेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर में

किसान जागरण यात्रा को लेकर सिवनी में बदलेगी यातायात व्यवस्था

सिवनी। 10 सितंबर को दोपहर 1 बजे से यात्रा समाप्ति तक शहर के भीतर बसों का प्रवेश प्रतिबंधित, भारी वाहनों पर सुबह 7 से रात 10 बजे तक रोक किसान मजदूर महासंघ द्वारा 10 सितंबर को आयोजित किसान जागरण यात्रा को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा आम नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए बसों एवं भारी वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। यातायात व्यवस्था के तहत 10 सितंबर को दोपहर 1 बजे से किसान जागरण यात्रा के समापन तक सभी बसों का संचालन नगर के बाहरी मार्गों से किया जाएगा। छिंदवाड़ा एवं नागपुर की ओर से आने-जाने वाली बसें छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज से संचालित होंगी। इस दौरान छिंदवाड़ा चौक, शंकर मढ़िया एवं नगरपालिका वाला मार्ग बसों के आवागमन के लिए पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार जबलपुर, बालाघाट एवं कटंगी की ओर से आने-जाने वाली बसों का संचालन रजवाड़ा लॉन के पास से किया जाएगा। वहीं मुगवानी की ओर से आने-जाने वाली बसें महामाया लॉन पेट्रोल पंप के पास से संचालित होंगी। 10 सितंबर को सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

वनरक्षक ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत, झूठे आरोप लगाने व धमकी देने का लगाया आरोप

छपारा नवभारत। वनरक्षक के साथ मारपीट के आरोपों से जुड़े मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। ग्राम गुधना निवासी राजाराम उईके ने 7 सितंबर को अपनी पत्नी के साथ छपारा पुलिस थाने पहुंचकर वनरक्षक पर गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई थी और संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की थी। वहीं, अब इस मामले में वनरक्षक उदय सिंह उईके ने भी 9 सितंबर को पुलिस थाना छपारा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वनरक्षक ने शिकायतकर्ता राजाराम उईके पर झूठे आरोप लगाने और धमकी देने का आरोप लगाया है। वनरक्षक द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में कुछ साक्ष्य भी पुलिस को प्रस्तुत किए गए हैं। मामले में दोनों पक्षों की शिकायत सामने आने के बाद छपारा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पूर्व विधायक ने मां बंजारी के चरणों में शीश नवाया

सिवनी नवभारत। राजनीति भले ही सत्ता का खेल हो, लेकिन उसका अंतिम लक्ष्य जनसेवा और जनकल्याण ही होता है और जनकल्याण की भावना तभी सार्थक होती है जब वह आस्था से जुड़ी हो। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए केवलारी विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश पाल ने आज अपने जबलपुर प्रवास के दौरान छपारा के निकट स्थित सिद्ध शक्तिपीठ माँ बंजारी के पावन दरबार में पहुँचकर विधिवत दर्शन-पूजन एवं आराधना की। मंगलवार को जब पूर्व विधायक राकेश पाल माँ बंजारी मंदिर पहुँचे तो मंदिर परिसर में एक अलग ही भक्तिमय माहौल बन गया। सादे सफेद कुर्ता-पायजामे में हाथ जोड़े, आँखें बंद किए माँ के सामने खड़े राकेश पाल के चेहरे पर राजनीति की चमक नहीं, बल्कि एक सच्चे भक्त की विनम्रता और श्रद्धा स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने गर्भगृह के बाहर लगी लाल रेलिंग के सामने खड़े होकर माँ दुर्गा के स्वरूप में विराजमान माँ बंजारी का पूरे विधि-विधान से पूजन किया। माँ बंजारी की प्रतिमा, जो शेर पर सवार होकर

बैंगनी और लाल वस्त्रों में सुसज्जित है, उसके सामने उन्होंने शीश नवाया और लंबे समय तक हाथ जोड़े प्रार्थना में लीन रहे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राकेश पाल का यह दौरा केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह उनके जनसंपर्क और जमीन से जुड़े रहने की कार्यशैली का प्रतीक भी है। केवलारी विधानसभा से विधायक रहने के दौरान भी वे अक्सर माँ बंजारी के दरबार में आते रहे हैं। आज जब वे पद पर नहीं हैं, तब भी उनका माँ के दरबार में आना और क्षेत्र की जनता के लिए प्रार्थना करना यह दर्शाता है कि वे आज भी खुद को केवलारी की जनता से जुड़ा हुआ मानते हैं। उनका यह व्यवहार आज के उस दौर में एक सकारात्मक संदेश देता है, जब नेता अक्सर चुनाव के समय ही मंदिरों की ओर रुख करते हैं। राकेश पाल बिना किसी चुनावी शोर-शराबे के, शांत मन से माँ के दरबार में पहुँचे और सच्चे सेवक की तरह सबके लिए खुशहाली मांगी। स्थानीय लोगों ने भी पूर्व विधायक के इस दौरे का स्वागत किया है। मंदिर परिसर में मौजूद भक्तों ने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि जो सत्ता में न होने के बाद भी क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं, वही सच्चे अर्थों में जनसेवक होते हैं। निश्चित ही माँ बंजारी की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहेगी और पूर्व विधायक राकेश पाल की यह जनकल्याण की कामना अवश्य पूरी होगी।

एनएच कुरई में बायपास की मांग तेज, ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

कुरई नवभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और स्वीकृत बायपास रोड का निर्माण शुरू नहीं होने से कुरई क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बायपास रोड लंबे समय से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर व्यस्त हाईवे पार करना पड़ता है।

स्कूली बच्चे, मरीज, बुजुर्ग और आम नागरिक स्वास्थ्य सुविधाओं, शासकीय कार्यालयों तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रतिदिन एनएच-44 पार करते हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करने के दौरान हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को पत्राचार और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लगातार हो रहे हादसों से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बायपास रोड निर्माण को लेकर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। आंदोलन की स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

विकास मोर्चा की संरक्षक बनी संगीता वासनिक, आगामी चुनाव को लेकर भी बनाई गई रणनीति

बरघाट नवभारत। नगर बरघाट को विकास की मुख्य धारा से जोडना आमजनता अधिक से अधिक लाभ में और बरघाट नगर क्षेत्र विकास में आगे रहे को लेकर स्वर्गीय रंजीत वासनिक के नेतृत्व में विकास मोर्चा का गठन किया गया था जिसके बैनरतले नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष चुनाव लडा गया था जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी रंजीत वासनिक दाऊ को जनता का भरपूर सहयोग

आशीर्वाद मिला जिसके परिणामस्वरूप जनता ने भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को छोड़कर रंजीत वासनिक दाऊ को अध्यक्ष का चुनाव जिताया था जिनके कार्यकाल में बरघाट विकास की धारा से जुड़ा और देश प्रदेश में नगर को एक पहचान जुड़ी लेकिन भाजपा कांग्रेस को नगर का विकास देखा नहीं गया और रंजीत वासनिक दाऊ को गन्दी राजनीति के कारण छूटे आरोप लगाकर फंसाया गया। रंजीत वासनिक दाऊ का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका 15 अगस्त 24 को दुखत निधनं हो गया। गत दिवस आयोजित बैठक में अनेकों विषय चर्चा हुई जिसके साथ ही विकास मोर्चा बरघाट के संरक्षक पद पर रंजीत वासनिक दाऊ की धर्मपत्नी संगीता को बनाया गया और आगामी उपचुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ने पर एकजुट दिखाई गई जिसके बाद श्रीमती संगीता वासनिक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाजपा की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित

केवलारी नवभारत। भाजपा केवलारी मंडल द्वारा बघेल मंगल भवन प्रांगण में भाजपा मंडल कार्यशाला एवं सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच अरुण चौरसिया ने केवलारी मंडल के दिवंगत भाजपा कार्यकर्ताओं की स्मृति में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल ने रखते हुए संगठन को साथ लेकर चलने और पार्टी की गतिविधियों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर एवं मंडल प्रभारी तथा पूर्व जिला

उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से सेवा भाव के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यशाला में जिला मीडिया सहप्रभारी अशोक वन्देवार, जिला कार्यसमिति सदस्य रुक्मणी तिवारी, आशा राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय तिवारी, गिरवर बघेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री शिव चौधरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरिता चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण दुबे, बसंत चौधरी, भाजपा महामंत्री सतीश राय, दीपचंद पिपरिया, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अमित तिवारी, पार्षद पुरुषोत्तम बघेल, मोनू तिवारी, नितिन बघेल, अजय बघेल,दिनेश यादव ,मोहित उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक रोहाणी का अजय बच्छानी के निवास पर हुआ आगमन

सिवनी नवभारत। विकास दिवस के अवसर पर जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं सिवनी जिला भाजपा प्रभारी अशोक रोहाणी का सिवनी आगमन हुआ। इस दौरान श्री रोहाणी ने वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता अजय बच्छानी के निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, भारतीय जनता पार्टी नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे एवं नगर दक्षिण मंडल महामंत्री व पार्षद श्री राजू यादव जी उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान सिंधी समाज की कॉलोनी से संबंधित पट्टे के प्रकरण को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन ने अशोक रोहाणी से चर्चा की। विषय की गंभीरता को समझते हुए आदरणीय श्री रोहाणी ने पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सदस्य एवं

पत्रकार अशोक आहूजा से दूरभाष पर चर्चा की। श्री रोहाणी ने अशोक आहूजा एवं सामाजिक सदस्यों को 12 सितंबर को भोपाल के सिंधु भवन में सिंधी समाज के आवासीय पट्टो को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया तथा आश्वासन दिया कि सिंधी समाज के उक्त पट्टे संबंधी प्रकरण का शीघ्रातिशीघ्र सकारात्मक निराकरण कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। विदित हो कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के अवसर पर अशोक आहूजा ने जिला भाजपा कार्यालय में सिंधी समाज की कॉलोनी के पट्टे से संबंधित विषय को सभी के सम्मुख रखा था। उस समय सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन द्वारा भी उक्त प्रकरण के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया था। सिंधी समाज की इस महत्वपूर्ण मांग के निराकरण की दिशा में आज हुई चर्चा को एक सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

आचार्य विद्यासागर महाराज को भारत रत्न देने की मांग

सिवनी। श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी सिवनी ने राष्ट्रपति के नाम आवेदन सौंपकर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किए जाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि आचार्य श्री ने तप, त्याग, संयम, अहिंसा, शिक्षा, संस्कृति एवं राष्ट्रसेवा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उनका योगदान किसी एक समाज तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए कार्य किया। कमेटी ने केंद्र सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सम्मान प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का आग्रह किया है। आवेदन पर सचिव नीरज जैन (विवेक) एवं अध्यक्ष पवन दिगम्बर के हस्ताक्षर हैं।

क्षत्रिय समाज की महिला मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

छपारा नवभारत। 8 सितंबर दिन मंगलवार को दोपहर नगर के छपारा कलां के पास स्थित एक निजी लॉन में मातृ शक्ति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त सार्वजनिक रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों एवं धर्मप्रेमी महिलाओं ने सहभागिता की।

ज्ञात हो कि कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ विश्रांति ठाकुर, रंजना ठाकुर, नीलू ठाकुर एवं धनेश्वरी ठाकुर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस जन्माष्टमी उत्सव के दौरान राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, नौ देवियों की प्रस्तुति तथा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का आकर्षक मंचन किया गया। सभी प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया,इस पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और

उत्साह का माहौल बना रहा। उक्त आयोजन को सफल बनाने में समिति की सदस्य अंजू सिंह,लता सिंह,मौसम सिंह, सोनिका सिंह, प्रीती सिंह, सोनम सिंह, पूजा सिंह, नेहा सिंह,शिखा सिंह,पिंकी सिंह,दीपाली सिंह एवं प्रिया सिंह सहित अन्य मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही, सभी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। आयोजन के अंत में आयोजक समिति ने कार्यक्रम में शामिल सभी मातृ शक्तियों एवं श्रद्धालुओं का आभार जताया।

छात्रहित मुद्दों को लेकर दीपक जय हिंद टीम ने उठाई आवाज

स्वच्छता, सुरक्षा और प्रवेश व्यवस्था में सुधार की मांग

सिवनी नवभारत। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन की व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर दीपक जय हिंद टीम, सिवनी ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य को दो आवेदन सौंपे।

टीम के संस्थापक दीपक डेहरिया ने छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार किए जाने की मांग की। विभागों के सामने कचरे की नियमित सफाई की

मांगआवेदन में भूगोल विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के सामने पड़े कचरे की नियमित सफाई कराने की मांग की गई। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के शौचालयों की प्रतिदिन सफाई तथा पूरे महाविद्यालय परिसर में नियमित और समुचित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई।

आवेदन सौंपते समय दीपक डेहरिया, अमित रघुवंशी, अर्पिता पाठक, नरेश मरावी, भारती मर्सकोले, ऋतुराज, श्रुति बिसेन, खुशी बघेल सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों ने छात्रहित, स्वच्छता, अनुशासन और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के लिए उठाई गई मांगों का समर्थन किया।

पहल | 196 मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों का हुआ सम्मान

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया कदम

केवलारी/पलारी नवभारत। अखिल विश्व गायत्री परिवार, पलारी तहसील केवलारी, जिला सिवनी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेरिट में स्थान प्राप्त छात्रों के सम्मान समारोह की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सरस्वती शिशु मंदिर, पलारी के इंडोर हॉल में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न 10 विद्यालयों के कक्षा 10वीं, एवं 12वीं में 80 व प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 196 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके माता-पिता एवं शिक्षकों के योगदान को भी सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को मंचासीन होने हेतु आग्रह कर देवपूजन एवं गायत्री

महामंत्र तथा वैदिक मंत्रों के सामूहिक उच्चारण से वातावरण आध्यात्मिक एवं ऊर्जामय हो गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों के तिलक-वंदन एवं अभिनंदन किया गया। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक गजेंद्र बोपचे विनोद वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की भूमिका एवं उद्देश्य से उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। सरस्वती शिशु मंदिर की प्रतिभाशाली शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे कार्यक्रम की शोभा बढ़ गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण का पुनीत कार्य भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ठाकुर सर, बीआरसी केवलारी से संतीश साहू, शिक्षक मुकेश चौरसिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति अध्यक्ष संजय अग्रवाल, धर्मेश्वर झाड़े, सहायक प्रबंध ट्रष्टि अमरचंद साहू , विद्यालय प्रधानाचार्य परसराम विश्वकर्मा, कमलेश ठाकुर सुनवारा, आदि सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार, सामाजिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही आने वाले भारत के निर्माता हैं। आधुनिक समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ चरित्र, अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता एवं शिक्षकों का भी अभिनंदन किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और गौरव की भावना स्पष्ट दिखाई दी। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, अभिभावकों एवं शिक्षकों के योगदान का सम्मान तथा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, गायत्री परिवार के परिजन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर कार्यक्रम के संयोजक शिवचरण ठाकुर , घनश्याम ठाकुर , तुलसीराम ठाकुर, (गाज्जु भैया) एवं आशादीप स्कूल पलारी की छात्रा अनन्या तिवारी पिता राजीव तिवारी पत्रकार उपस्थित रहे।

आवारा मवेशी के चक्कर में पलटा ट्रक

छपारा नवभारत। 9 सितंबर को दोपहर लगभग 3 बजे नगर से दो किलोमीटर दूर ग्राम घोघरी के समीप एन एच 44 फोरलेन सड़क पर जबलपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक के सामने अचानक आवारा मवेशी के आ जाने से अनियंत्रित हो ट्रक पहले सड़क के डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया इस हादसे में ट्रक में सवार ड्राईवर सहित तीन और लोगों को चोटें आई जिन्हें सूचना पर 1033 एन एच ए आई की दोनों एंबुलेंस नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहित झारिया पिता थानेलाल झारिया 25 वर्ष मंडला निवासी, विजय झारिया पिता थानेलाल झारिया 24 वर्ष मंडला निवासी,कमलेश मर्सकोले पिता केशव मर्सकोले 34 वर्ष सुनवारा निवासी और मिथलेश मर्सकोले पिता केशव मर्सकोले 25 वर्ष

सुनवारा निवासी को पहुंचाया जहां चारों को भर्ती किया गया वहीं मिली जानकारी के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर बताई गई। चारों घायलों को सिर,हाथ, पैरों और पीठ में अंदरुनी एवं खरोंच चोटें आई वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय पशु पालकों को अपने पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों के नज़दीक जाने से रोका जाए ताकि सड़क पर आवाजाही विशेष कर राष्ट्रीय राजमार्ग जिनपर चौबीसों घंटे आवाजाही बनी रहती है इस तरह की दुर्घटना से बचाव हो सके।

नोटिस Civil B No. 3126/2026

IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY NAGPUR BENCH, NAGPUR

Civil Application No. 2005/2023 (for Condonation of delay)In First Appeal St. No. 9481/2023

The New India Assurance Company Limited, through Branch Manager,Nagpur, Presently through Manager, Nagpur **....वादी**

- विरुद्ध -

Sujata @ Suchita Wd/o Hemraj Dhandale & others .....प्रतिवादी

To,

R. No. 5 **: Kailash S/o Natalram Morane,** R/o. : Lal Chowk, Sanjay Ward, Seoni, Seoni (M.P.).

उपरोक्त प्रतिवादी को सूचित किया जाता है की, वादी **The New India Assurance Company Limited, through Branch Manager, Nagpur, Presently through Manager, Nagpur इन्होंने The Commissioner, Under Employees Compensation Act, Fourth Labour Court, Nagpur (ECA Case No. B-17/2018)** इनके हुकूमनामे पर उपरोक्त **Civil Application No. 2005/2023 (delay) In First Appeal St. No. 9481/2023** मुंबई उच्च न्यायालय के नागपूर खंडपीठ में दाखिल की है और वह इस न्यायालय ने पंजिबध्द करके प्रतिवादी को नोटिस जारी की है।

उपरोक्त **First Appeal St. No. 9481/2023** दाखिल करते समय जो **369** दिन का विलंब (delay) हो गया है वो माफ करू ना किया जाये के कारण, उपरोक्त आवेदन की अगली सुनवाई **नोटिस प्रकाशित होने के 5 सप्ताह के भितर** या किसी भी अन्य दिन इस न्यायालय के सहूलियत से होगी।

इसलिए आपकी तरफ से आप खुद या आपके वकील या आपने नियुक्त किया हुआ आपका प्रतिनिधी उपरोक्त निर्दिष्ट **Civil Application No. 2005/2023 (delay) In First Appeal St. No. 9481/2023** के सुनवाई के वक्त इस न्यायालय मे हाजिर न होने पर आपके अनुपस्थिती में एक तरफ सुनवाई करेगी और यह न्यायालय अपना फैसला सुनाएंगी। साक्ष **श्रीमान. रविंद्र घुगे (कार्यवाहक), मुख्य न्यायाधिश, मुंबई** आज तारीख 04/08/2026.

मुहर

न्यायलय के आदेशानुसार
(श्रीमान पी.एम. भोरकर)
सहायक प्रबंधक
मुंबई उच्च न्यायालय,
नागपूर खंडपीठ, नागपूर